प्रेस विज्ञप्ति

गोविन्द बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय
पंतनगर, जिला– ऊधमसिंह नगर (उत्तराखण्ड)

गृहविज्ञान महाविद्यालय में सात–दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन

पंतनगर 30 अगस्त 2022। विश्वविद्यालय के गृहविज्ञान महाविद्यालय में आर्थिक सशक्तिकरण हेतु उद्यमिता कौशल संवर्धन तकनीकियां विषय पर सात–दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन किया गया। इस प्रशिक्षण का उद्देश्य अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति की महिलाओं में आर्थिक सशक्तिकरण एवं उनमें उद्यमिता संवर्धन हेतु किया गया था। यह प्रशिक्षण गृहविज्ञान महाविद्यालय एवं अखिल भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद–राष्ट्रीय आर्थिकी एवं नीति अनुसंधान के संयुक्त प्रयासों से किया गया था।

कार्यक्रम में विधायक, विधान सभा, नैनीताल, श्रीमती सरिता आर्या; मेयर, काशीपुर, श्रीमती ऊषा चौधरी; अध्यक्ष जिला पंचायत, नैनीताल, श्रीमती बेलाटोलिया; विश्वविद्यालय कुलसचिव, डा. ए.के. शुक्ला एवं अधिष्ठात्री, गृहविज्ञान महाविद्यालय, डा. अल्का गोयल मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थी। इस अवसर पर महाविद्यालय में प्रशिक्षार्थियों द्वारा प्रदर्शनी का आयोजन किया गया, जिसमें स्वंय निर्मित टाई एवं डाई से बने उत्पादों–दुपट्टे, कुशनकवर, टी–शर्ट आदि एवं क्विलिंग तकनीक से बनी आटिफिशियल ज्वैलरी को प्रदर्शित किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में प्रशिक्षण संयोजक, सह प्राध्यापिका, पारिवारिक संसाधन एवं प्रबन्ध विभाग, डा. छाया शुक्ला; सह–संयोजक, सहायक प्राध्यापिका, डा. सोनू रानी; डा. शैफाली मैसी एवं डा. दिव्या सिंह थे। इस कार्यक्रम में 40 महिंलाओं ने प्रतिभाग किया।